यू.जी.सी. कोचिंग सेंटर
पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

E-mail :pradhan.akp@gmail.com
Mobile : +91 9425511967

डॉ. अशोक प्रधान
समन्वयक
यू.जी.सी. कोचिंग सेंटर

क्र. 531 /यू.जी.सी.को.से./2025 दिनांक : 3.1.2025

प्रति,

अध्यक्ष,
समस्त अध्ययनशालाएँ
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

विषय – अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमी लेयर को छोड़कर), अल्पसंख्यक (मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध, पारसी) छात्रों एवं सभी छात्राओं को उपनिरीक्षक संवर्ग (Sub Inspector) के रिक्त पदो पर भर्ती के की तैयारी हेतु कोचिंग।

महोदय/महोदया,

छ.ग. शासन गृह (पुलिस) विभाग के अंर्तगत उपनिरीक्षक संवर्ग (Sub Inspector) के रिक्त पदो पर भर्ती के लिए छ.ग. लोक सेवा आयोग द्वारा कुल 341 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की कोचिंग योजना के अंतर्गत उपनिरीक्षक संवर्ग (Sub Inspector) में सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राओं को तैयार करने के उद्देश्य से पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में कोचिंग दिनांक 10.1.2025 से सायं 3 बजे निःशुल्क कोचिंग प्रारंभ की जा रही है ।

इच्छुक छात्र/छात्राएँ यूजीसी कोचिंग सेंटर, कला भवन, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से आवेदन–पत्र प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। कोचिंग की व्यवस्था विशेषकर अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, गरीब छात्रों तथा समस्त छात्राओं के लिए है ।

प्रपत्र विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.prsu.ac.in में भी उपलब्ध है।

कृपया संबंधित छात्र/छात्राओं को इस की जानकारी देवें एवं प्राप्त आवेदन–पत्रों को शीघ्र अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रेषित करने का कष्ट करें ।

03/01/2025

(अशोक प्रधान)
समन्वयक

प्रतिलिपि :
1. कुलपतिजी के सचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर
2. कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

को सूचनार्थ।

03/01/2025

(अशोक प्रधान)